


**रोहित अनुभवी, कमी खलेगी**

रोहित की कमी के सवाल पर विराट ने कहा कि वह अनुभवी खिलाड़ी हैं। उनकी कमी खलेगी। विराट और रोहित में अनबन की खबरों को टेस्ट कप्तान ने सिरे से खारिज किया। उन्होंने कहा, मेरे और रोहित शर्मा के बीच कोई अनबन नहीं है।

## कोई विवाद नहीं, टेस्ट सीरीज में मिस करूंगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टेस्ट कप्तान विराट कोहली ने कहा है कि वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में रोहित शर्मा को मिस करेंगे। रोहित से अनबन के सवाल को विराट ने सिरे से खारिज करते हुए कहा कि उनका रोहित से कोई विवाद नहीं है। उन्होंने कहा टेस्ट सीरीज में रोहित जैसे अनुभवी खिलाड़ी की कमी तो खलेगी ही। गौरतलब है कि रोहित चोट के कारण टेस्ट सीरीज से हट गए थे और उनकी जगह प्रियंक पांचाल को टीम में शामिल किया गया है। वनडे और टी–20 की कप्तानी मिलने के बाद रोहित शर्मा ने बीसीसीआई टीवी के साथ इंटरव्यू में विराट की काफी तारीफ की थी और कहा था कि वे जीतने के इरादे से मैदान में उतरते हैं। रोहित ने कहा था कि उन्होंने विराट की कप्तानी में काफी क्रिकेट खेली और आगे भी इसका लुत्फ उठाते रहूंगा। इसके बाद का घटनाक्रम दिलचस्प हो जाता है। रोहित चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका में होने वाली टेस्ट सीरीज से बाहर हो जाते हैं और उनकी जगह प्रियंक पांचाल को टेस्ट टीम में शामिल कर लिया जाता है।

# रोहित को कप्तान बनाने के बाद मुझे दी जानकारी

**क्रिकेट**

## टेस्ट कप्तान ने कहा कि वह वनडे सीरीज में खेलने के लिए उपलब्ध हैं

विराट कोहली ने वनडे कप्तानी से हटाए जाने पर नाखुशी जताई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय टेस्ट कप्तान विराट कोहली ने बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगुली के उस दावे को खारिज कर दिया है जिसमें उन्होंने कहा था कि रोहित शर्मा को वनडे कैप्टान बनाने से पहले विराट से बात की गई थी। विराट ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि उनसे कोई बातचीत नहीं की गई थी और मीटिंग में बताया गया था कि मैं वनडे कप्तान नहीं हूं। गौरतलब है कि गांगुली ने प्रेस वक्तव्य जारी कर कहा था कि वनडे कप्तानी को लेकर विराट से उनकी और चीफ सिलेक्टर की बातचीत हुई थी।




**डेढ़ घंटा पहले बताया- मैं वनडे कप्तान नहीं हूं:** कोहली ने कहा कि मेरी बीसीसीआई से आराम करने को लेकर कोई बातचीत ही नहीं हुई थी। मुझसे मीटिंग से डेढ़ घंटा पहले संपर्क किया गया था। इस दौरान कोई और संपर्क नहीं किया गया ता। चीफ सिलेक्टर ने मुझसे टेस्ट टीम के चयन को लेकर बात की थी। पांचों चयनकर्ताओं ने मुझे बताया कि मैं अब वनडे कप्तान नहीं हूं। ये ठीक था।

**गांगुली का दावा झूठा?:** गौरतलब है कि बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने कुछ दिन पहले एक वक्तव्य जारी कर कहा था कि वनडे कप्तानी को लेकर बातचीत की गई थी और चीफ सिलेक्टर ने भी इस मामले पर उनसे बात की थी। हालांकि, कोहली ने आज इन सारी बातों को खारिज कर दिया। ऐसे में गांगुली के दावे पर अब सवाल उठने लगे हैं।

**टीम इंडिया के लिए राहु काल**

कोहली इस बयान ने टीम इंडिया को भी हिलाकर रख दिया। पहली बार कप्तान बनाम गांगुली का मामला होता दिख रहा है। कोहली ने वनडे कप्तानी से हटाए जाने को लेकर नाखुशी जताई है। जबकि बीसीसीआई ने साफ कहा था कि सफेद गेंद में दो कप्तान नहीं हो सकते हैं इसलिए रोहित शर्मा को टी–20 के साथ–साथ वनडे का भी कप्तान बनाया गया था।

# खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने दे दी विराट को चेतावनी ?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। रोहित शर्मा और विराट कोहली के बीच कथित अनबन की खबरों के बीच केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने दो–टूक कहा है कि गेम से बड़ा कोई नहीं होता है। माना जा रहा है कि उन्होंने दोनों कप्तानों को चेतावनी दे दी है। गौरतलब है कि विराट कोहली ने दक्षिण अफ्रीका दौरे में वनडे सीरीज से हटने के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को अर्जी दी है। क्रिकेट जगत में इस बात को लेकर चर्चा गरम है कि विराट और रोहित एक–दूसरे की कप्तानी में नहीं खेलना चाहते हैं।

विराट कोहली और रोहित शर्मा के बीच अनबन की खबरों पर खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने

उन्होंने कहा कि संबंधित संघ मामले पर दे जवाब

आज कहा कि खेल से बड़ा कोई नहीं है। मैं ये नहीं बता सकता हूं कि किस खेल के किन कप्तानों के बीच क्या चल रहा है। यह संबंधित खेल संघों का दायित्व है। अच्छा यही होगा कि वही इस बारे में जानकारी दें।

**बीसीआई कर रहा है मान-मनौव्वल:** दरअसल, बीसीसीआई भी टीम में खटपट की खबरों से आजिज आ गई है। वह कैप्टन कोहली को मनाने की कोशिश कर रही है लेकिन सवाल उठता है कि क्या कोहली मानेंगे? कोहली ने 16 सितंबर को अपने पोस्ट में टी–20 कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया था और टेस्ट एवं वनडे की कप्तानी जारी रखने की बात कही थी। बावजूद बोर्ड को उनको वनडे कप्तानी से हटाना शायद उन्हें नागवर गुजरी है।

**एक दूसरे की कप्तानी में नहीं खेलना चाहते रोहित-विराट?:** रोहित की चोट और विराट की छुट्टी को लेकर कयासबाजियों का दौर शुरू हो गया। भारत के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन ने ट्वीट कर अपनी राय रखी थी। उन्होंने लिखा, विराट कोहली ने बता दिया था कि वह वनडे सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं है और रोहित शर्मा टेस्ट सीरीज के लिए अनुपलब्ध हैं। ब्रेक लेने में कोई हर्ज नहीं है, लेकिन टाइमिंग बेहतर होनी चाहिए। यह सिर्फ टीम के बीच दरार की अटकलों की पुष्टि करता है। न ही क्रिकेट को कहीं से फायदा पहुंचाएगा।

## दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम की घोषणा, इन दो धुरंधरों की हुई वापसी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज सीरीज के पहले मैच में हार के बाद इंग्लैंड की टीम वापसी के लिए तैयार है। गुरुवार से शुरू होने जा रहे दूसरे मुकाबले से आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड ने अपने टीम की घोषणा कर दी है। बुधवार को पहले आस्ट्रेलिया ने प्लेइंग इलेवन का ऐलान किया इसके कुछ देर बाद इंग्लैंड ने भी पिंक बाल टेस्ट में खेलने वाले संभावित खिलाड़ियों को नाम की घोषणा की। इंग्लैंड की टीम गुरुवार को एडिलेड में मेजबान आस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज सीरीज का दूसरा मुकाबला खेलने उतरने वाली है। दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लिश टीम ने 12 सदस्यों के नाम की घोषणा की है। सीरीज में पहला मैच हारकर पिछड़ चुकी इंग्लैंड की टीम में तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्राड की टीम में वापसी हुई है। पहले मुकाबले में खेलने वाले मार्क वुड को आराम देने का फैसला लिया गया है। इन दोनों ही अनुभवी तेज गेंदबाज को 12 सदस्यीय टीम में जगह देने का मतलब है कि उनको प्लेइंग इलेवन में जरूर शामिल किया जाएगा।

## न्यूज डायरी



### भारत की टेस्ट टीम को मिलेगा नया उपकप्तान, ये खिलाड़ी है रेस में सबसे आगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। साउथ अफ्रीका के दौरे पर खेली जाने वाली तीन मैचों की टेस्ट सीरीज से सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा चोट के चलते बाहर हो गए हैं। इसी सीरीज के साथ रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट में उपकप्तान के तौर पर नजर आने वाले थे, लेकिन हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण वे टेस्ट सीरीज नहीं खेल पाएंगे। अजिंक्य रहाणे से उपकप्तानी छीनकर रोहित शर्मा को सौंपी गई थी और अब टीम इंडिया का उपकप्तान टेस्ट क्रिकेट में कौन होगा, ये अपने आप में दिलचस्प सवाल है। सीमित ओवरों की टीम के कप्तान बनाए गए रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में जिस खिलाड़ी को टेस्ट टीम की उपकप्तानी मिल सकती है, उनमें सलामी बल्लेबाज केएल राहुल सबसे आगे हैं। अजिंक्य रहाणे को फिर से टेस्ट टीम का उपकप्तान बनाया नहीं जाएगा और चेतेश्वर पुजारा साधारण फार्म के कारण इस पद के दावेदारों में शामिल नहीं हैं। हालांकि, केएल राहुल के अलावा जसप्रीत बुमराह का नाम भी उपकप्तान बनने की लिस्ट में है, लेकिन केएल राहुल की दावेदारी बुमराह से ज्यादा है।

### कोहली ने दक्षिण अफ्रीका में जीत का पताका लहराने की भरी हुंकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। भारतीय टेस्ट टीम के लिए दक्षिण अफ्रीका ऐसी अंतिम जगह बची है जहां जीत की पताका लहराना बाकी है। कप्तान विराट कोहली को पूरा भरोसा है कि उनकी टीम इस देश के आगामी दौरे पर 'कुछ विशेष' करके वहां सीरीज जीत सकती है। भारतीय टीम 26 दिसंबर से शुरू होने वाली तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में जब दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी तो कोहली की कप्तानी में विदेशों में अपने हाल के प्रभावशाली रिकॉर्ड को बेहतर करना चाहेगी। कोहली ने बुधवार को कहा, अनुभव, भरोसे और आत्मविश्वास के मामले में हम बहुत अच्छी स्थिति में हैं और इस बार हम कुछ विशेष कर सकते हैं और बतौर टीम हम जो नतीजा चाहते हैं, वो हासिल कर सकते हैं। शायद सबसे मुश्किल परिस्थितियों से निपटकर सीरीज जीत सकते हैं। उन्होंने कहा, श्दक्षिण अफ्रीका ऐसी जगह है जहां हमने अभी तक एक भी सीरीज नहीं जीती है।

### अब बीसीसीआई ने कहा– सितंबर में हुई थी कोहली से बात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका दौरे से पहले भारतीय क्रिकेट में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। कप्तान विराट कोहली ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए यह कहकर मामले को तूल दिया कि उन्हें टी20 टीम की कप्तानी छोड़ने को लेकर किसी ने मना नहीं किया था। साथ ही कोहली ने कहा है कि वह वनडे टीम की कप्तानी नहीं छोड़ना चाहते थे। विराट के इस सनसनीखेज दावे को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने सिरे से नकार दिया है। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने इंडिया टुडे से कहा कि सितंबर में विराट कोहली से टी20 की कप्तानी नहीं छोड़ने का आग्रह किया किया गया था। बोर्ड अधिकारी ने कहा, विराट कोहली यह नहीं कह सकते कि हमने उन्हें लूप में नहीं रखा। हमने विराट से सितंबर में बात की थी और उन्हें टी20 कप्तानी नहीं छोड़ने की बात कही थी।

### जब रोहित शर्मा के लिए रिपोर्टर से भिड़ गए थे कोहली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टी20 विश्व कप 2021 को खत्म हुए अभी चंद महीने ही हुए हैं, जब कप्तान विराट कोहली अपने साथी उप कप्तान रोहित शर्मा के लिए रिपोर्टर से भिड़ गए थे। लेकिन अब ऐसा क्या हुआ जब दोनों के बीच कथित रूप से अनबन की खबरें आ रही हैं। यूएई में संपन्न टी20 विश्व कप के पहले मैच में भारतीय टीम को पाकिस्तान के खिलाफ करारी हार का सामना करना पड़ा था। इस मुकाबले में कोहली को छोड़ अन्य बल्लेबाज सस्ते में पवेलियन लौट गए थे। रोहित को पेसर शाहीन अफरीदी ने खाता तक नहीं खोलने दिया था। इसके बाद जब कोहली से रोहित शर्मा पर सवाल पूछा गया तो उन्होंने अपना माथा पकड़ लिया था।